

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव


## हाट बाजार की जमीन में संस्था का अवैध कब्जा



शहर के भीतरी इलाकों से अतिक्रमण हटाने के लिए भले ही निगम प्रशासन ने अभियान शुरू किया है, लेकिन निगम द्वारा बनाए गए हाट बाजार की जमीन पर एक संस्था ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस मामले की शिकायत वार्डवासियों और सब्जी विक्रेताओ ने निगम प्रशासन से की है। वार्डवासियों ने बताया कि हाट बाजार में इस संस्था ने पहले पानी के लिए एक कलश का निर्माण कराया था। निर्माण के बाद कभी भी इसमें पानी की व्यवस्था नहीं की गई और हाल ही में अब इस परिसर को अपने कब्जे में ले लिया है। संस्था द्वारा इस परिसर में अवैध निर्माण कराए जाने की तैयारी है। वार्डवासियों ने निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की है। वार्डवासियों ने कहा यदि कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से आक्रोश, व्यापारियों ने कहा: तोड़ने के बजाए सड़क से सामान हटवाए प्रशासनिक अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बीच बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम, पुलिस प्रशासन और राजस्व की टीम को व्यापारियों के विरोध के बाद उल्टे पांव लौटना पड़ा। शहर के गुड़ाखू लाइन में निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम आज सुबह लगभग 11 बजे एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर और एक टिप्पर लेकर व्यापारियों के द्वारा सड़क तक किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची। इस दौरान उक्त टीम द्वारा दुकान से बाहर निकले शेड को तोड़ने की कर्रवाई आजाद चौक से की गई। इस दौरान निगम की टीम ने दो दुकानों के टीन शेड़ तोड़े थे और तीसरी दुकान की शेड़ को तोड़ने के दौरान स्थानीय व्यापारी एकजुट हो गए और उन्होंने दुकान से बाहर धूप-पानी को रोकने लगे शेड को तोड़े जाने का विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि टीन शेड से यातायात बाधित नहीं होता है। टीन शेड़ तोड़ने के बजाय जिनके सामान सड़क तक फैला है, उनके सामान अंदर कराने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान पूर्व पार्षद राधेश्याम गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने निगम और प्रशासन के अधिकारियों से दुकान पर लगे शेड को तोड़ने के बजाय सड़क तक फैले सामानों को लेकर दुकानदारों को समझाइश देने कहा। जिसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई बंद की गई।

### खास बातें

- कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में आक्रोश, एकजुट होकर किया विरोध
- अतिक्रमण तोड़ने के दौरान हुई बहस, विरोध के बाद रोकी कार्रवाई



### शेड तोड़ने से नाराजगी

नगर निगम की टीम को बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सड़क तक फैले दुकानों को व्यवस्थित करना था, लेकिन निगम की टीम ने सीधे दुकानों के बाहर लगे शेड़ को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। जिसके चलते विवाद की स्थिति बन गई। दुकान के बाहर निकले टीन शेड को तोड़े जाने से व्यापारी आक्रोशित हो गए और जेसीबी के सामने खड़े होकर विरोध जताया।

**मीटिंग में दिया था समर्थन** : बीते दिनों नगर निगम में व्यापारियों की हुई बैठक के दौरान व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम को सहयोग करने अपना समर्थन दिया था। इस दौरान व्यापारियों ने दुकान से बाहर निकले सामानों को लेकर भी कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन आज जब निगम की टीम पहुंची तो शेड तोड़ने के चलते कार्रवाई किए जाने का विरोध होने लगा।

### शेड पर लटकाते हैं सामान

दुकान के बाहर धूप और बारिश से बचाने लगाए गए टीन शेड और पक्के छज्जे निर्माण में अधिकांश व्यापारियों द्वारा दुकान का सामान लटकाया जाता है। जिसके चलते नगर निगम की टीम सड़क तक निकले इस टीन शेड को हटाने के कार्रवाई कर रही थी और दो दुकानों के शेड तोड़े ही थे कि उन्हें विरोध का सामना करना पड़ गया।

### समझाईश देकर लौटे अधिकारी

गुड़ाखू लाइन में दुकानदारों द्वारा कार्रवाई को लेकर विरोध किए जाने के बाद निगम और प्रशासन की टीम वहां से अन्य दुकानदारों को दुकान के सामान अंदर रखना समझाईश देते हुए निकल गई।

### कराई थी मुनादी

अतिक्रमण हटाने की जा रही कार्रवाई को लेकर तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव ने बताया कि एक दिन पूर्व मुनादी कराकर व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने कहा गया था और अधिकारियों ने भी समझाईश दी थी। आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कुछ दुकानदारों ने समय मांगा है, जिन्हें समय दिया गया है। वहीं उन्होंने टीन शेड तोड़े जाने के मामले को लेकर कहा कि टीन शेड बारिश, आंधी-तूफान में किसी के ऊपर गिर सकते हैं। जिससे हादसा हो सकता है, इसलिए टीन शेड हटाया गया है। कुछ टीन शेड बिल्डिंग से जुड़े हुए हैं, उनको हटाने कुछ दुकानदारों ने मोहलत मांगी है। वहीं पक्के निर्माण करने वालों को नोटिस दिया गया है।

## फैक्ट्री संचालकों की पुलिस ने ली बैठक



**राजनांदगांव।** सोमनी क्षेत्र में पुलिस ने फैक्ट्री संचालकों की एक बैठक लेकर निर्देश दिया कि वे अपने संस्थान में काम करने वाले हर बाहरी मजदूर का पूर्ण विवरण दर्ज करें। बाहर से आए मजदूरों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य किया गया है, ताकि किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाए।

पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा थाना सोमनी परिसर में थाना सोमनी क्षेत्र अंतर्गत स्थित फैक्ट्री संचालकों की बैठक लिया गया। बैठक में सांचलकों को फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों की सूची आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड के साथ थाना को उपलब्ध कराने एवं बाहर से काम करने आने वालों की सूचना देने, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था फैक्ट्री में काम करने वालों को उपलब्ध कराने तथा पुलिस का सहयोग करने के संबंध में हिदायत दिया गया। यह बैठक मजदूरों की सुरक्षा एवं शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। उक्त बैठक में फैक्ट्री संचालकों द्वारा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया गया।

## शहर में बढ़ती चाकूबाजी से दहशत, अपराधियों पर पुलिस करेगी सख्ती

# मामूली विवाद पर आरोपियों ने रास्ता रोककर चाकू से किया वार, 6 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्यारेलाल चौक में शुक्रवार की शाम हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन छह आरोपियों ने ही चाकू और हाथ-पैर से प्रार्थी पर वार किया था। बताया गया कि फोन पर हुए वाद-विवाद को लेकर चाकूबाजी की घटना की गई थी। प्रार्थी के पिता भी पुलिस महकमे में एएसआई है।

कोतवाली थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़ित महफूज शेख शुक्रवार की दोपहर अपने दोस्त शैलेन्द्र से मिलने त्रिवेणी परिसर पहुंचा था, जहां उसने अपने फोन से शैलेन्द्र की बात निखिल रामटेके से कराई। फोन पर शैलेन्द्र और निखिल का कुछ विवाद हुआ। जिसके बाद महफूज अपने काम से न्यायलय पहुंचा था। न्यायलय से जब वह अपने घर शांतिनगर के लिए निकला तो रास्ते में शाम साढ़े चार बजे प्यारेलाल चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे दो मोटर सायकल पर सवार सोहेल मियां, कस्तू साहू, भास्कार खान, तक्ष पीटर, मारूफ खान एवं निखिल रामटेके सहित छह लोगों ने उसे रोका। सभी आरोपियों ने महफूज से पहले हाथ-पैर से मारपीट की और उसके बाद चाकू से उस पर चार से पांच वार किए। चाकूबाजी के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।



**दोबारा मुलायजा कराया** इधर आरोपियों को जब पुलिस ने कोर्ट में पेश किया तो जज के सामने आरोपियों ने पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाया। आरोपियों द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद जज ने दोबारा मुलायजा कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद देर रात तक सरकारी अस्पताल में आरोपियों का मुलायजा कराया गया।

### यह आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली में दर्ज एफआईआर के अनुसार मामले में कुल छह आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनमें निखिल रामटेके, सोहेल मिया, कस्तु साहू, भास्कर खान, मारूफ खान और तक्ष पीटर शामिल है। इन सभी आरोपियों को पुलिस ने घटना के बाद 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से कुछ पर पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में पुलिस ने धारा 191 (2), 191(3), 190, 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### शहर में पुलिसिंग फेल, खौफ नहीं

शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना के पीछे कमजोर पुलिसिंग अहम कारण है। नशे के कारोबार का खुलेआम संचालन और सिर्फ नाम की पेट्रोलिंग गश्त के चलते शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। हालात यह है कि शहर में ही पिछले कुछ महीनों में कई चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके बाद भी शहर में आतंक पर शिकंजा नहीं कसा जाना पुलिस पर ही सवाल खड़े कर रहा है।

### ऑनलाइन मंगवा रहे चाकू

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार ही पिछले चार महीने में 50 से अधिक आरोपियों को सार्वजनिक स्थानों में चाकू लहराते गिरफ्तार किया गया है। इन युवकों द्वारा अपनी पसंद का चाकू ऑनलाइन सेलिंग प्लेटफार्म से मंगवाया जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि पुलिस के पास भी इसका कोई रिकार्ड नहीं होता है। आकस्मिक निरीक्षण की कार्रवाई भी शहर में लगभग शून्य है। जिसका नतीजा है कि बड़ी संख्या में युवक अपने साथ चाकू लेकर घूम रहे हैं।

# घर के आंगन में सजी थी जुआ की फड़, 5 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

गांव में स्थित घर के आंगन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र होकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना होने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां जुआ खेलते पांच आरोपियों को पकड़ा गया। जिनसे लगभग तीस हजार रुपए नगदी, मोबाइल व एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआ खेलने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

सट्टा-जुआ के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जुलाई को मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 ग्राम कहडबड़ी में नसीर शेख के घर-आंगन में कुछ व्यक्तियों द्वारा ताश के 52 पत्तों से जुआ खेला जा रहा है।

**ताशपत्ती, मोबाइल व कार जब्त:** मौके पर मिले 5 जुआरियों के पास एवं फड़ से नगदी रकम 28,910 रुपए, ताश के 52 पत्ते , 5 पुरानी इस्तेमाल मोबाइल फोन तथा एक चार पहिया वाहन स्विफ्ट डिजायर कार जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 4, 4(क), 5 का पाए जाने पर ही मौके पर सभी को गिरफ्तार किया गया तथा थाना खड़गांव में अपराध क्रमांक 53/25 धारा 4, 4(क), 5 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 का अपराध आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा, कुछ मौके से फरार

इस सूचना पर मुखबीर के बताए स्थान पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया, जहां आरोपी कीरतराम निराला निवासी सोमाटोला, संदीप सोनकर निवासी दल्लीराजहरा, आकाश जायसवाल निवासी दल्लीराजहरा, वजीर मोहम्मद निवासी सोमाटोला, शेख नासिर निवास कहडबरी ताश के 52 पत्तों के साथ जुआ खेलते पाए गए तथा कुछ अन्य लोग पुलिस को देखकर घटनास्थल से फरार हो गए।

# भगवान जगन्नाथ वापस लौटे अपने मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ विगत दिनों रथयात्रा पर्व पर रथ में सवार होकर अपने मंदिर से मौसी के घर जाने के लिए नगर प्रभण करते निकले थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर भगवान का रथ रस्सी के सहारे खींचने जुटे हुए थे। भजन-कीर्तन के बीच पूरे यात्रा के दौरान भक्त भक्ति में थिरकते रहे। भगवान को पुनः वापस अपने मंदिर में रथ में सवार कराकर लाया गया। इस दौरान बाजे-गाजे और भक्ति का माहौल रहा। भगवान का मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।



### श्रद्धा भक्ति में थिरके भक्त

महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा 27 जून को अपने मंदिर से रथ में सवार होकर शहर भ्रमण के लिए निकले थे। शहर के प्रभात नगर से रथयात्रा भव्य रूप से निकाली गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। नगर भ्रमण करते भगवान अपने मौसी के घर पर थे, जहां नियमित रूप से उनकी पूजा-अर्चना एवं सेवा की जाती रही।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

शनिवार 5 जुलाई को भगवान जगन्नाथ को बाजे-गाजे एवं भक्तिभाव के साथ रथ में सवार कराकर वापस मंदिर ससम्मान लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। भगवान के वापस मंदिर आने की खुशी में भक्त भक्ति में थिरकते रहे। देर शाम प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में रथ पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान को मंदिर में विराजित कराया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात यहां भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किए। आज दिनभर प्रभात नगर इलाके में श्रद्धाभक्ति का माहौल निर्मित रहा।

# नियमों का उल्लंघन, चालकों से वसूला 74.80 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान जारी है। विगत 6 माह में नियमों का उल्लंघन करने वाले दस हजार तीन सौ तिरपन वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 74 लाख 80 हजार जुर्माना वसूला गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अजय खेस प्रभारी यातायात, निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। जिसके तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 202 वाहन चालकों से 18 लाख रुपए माननीय न्यायालय द्वारा अर्थदंड लगाया गया। तेज गति 1026 वाहनों पर कार्रवाई कर बीस लाख बासठ हजार छह सौ रुपए, मॉडिफाई साईलेंसर लगे 13 बुलेट एवं



2 मॉडिफाई डीजे वाहन सहित कुल 15 वाहनों से पचत्तर हजार रुपए, काला शीशा लगे 24 वाहनों पर कार्रवाई कर अठतालीस हजार रुपए, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट 3414 प्रकरण में सत्रह लाख सात हजार आठ सौ रुपए एवं बिना सीट बेल्ट 506 प्रकरणों में दो लाख चौसठ हजार पांच सौ रुपए, नाबालिग वाहन चालकों में 22 प्रकरणों में तेईस हजार रुपए एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 5209 वाहनों में कार्रवाई कर चौदह लाख निन्यानवे हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

### 10 हजार प्रकरण

कुल 10353 वाहन चालकों से 7480400 रुपए जुर्माना वसूला गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि ओव्हर स्पीड, शराब सेवन, दुपहिया वाहन में तीन सवारी, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें, दुर्घटना से बचे एवं सुरक्षित रहे। यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

## कांग्रेस नेताओं की अगुवाई में ग्रामीणों ने फुलझर में किया प्रदर्शन

# फैक्ट्री और अफसरों पर जुर्म दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम फुलझर में न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी द्वारा कोपेडीह जलाशय से पाइप लाइन के जरिये कथित अवैध जल आपूर्ति को लेकर शनिवार को बड़ा विरोध दर्ज किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू और युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में टेड़ेसरा सहित आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा अवैध तरीके से पाईप लाइन बिछाकर किसानों के हिस्से का पानी उद्योग को पहुंचाया जा रहा है। जिससे खेती प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेताया कि यदि पाईप लाइन और जल दोहन पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सदस्यता समाप्त करने की मांग

नेताओं ने कोपेडीह और टेड़ेसरा के सरपंचों पर मिलीभगत के आरोप लगाए और उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की। उनका कहना था कि जब जनप्रतिनिधि ही उद्योगों से सांठगांठ करने लगे तो जनता के हित की उम्मीद करना व्यर्थ है।



### ग्रामीणों की रही उपस्थिति

विरोध प्रदर्शन में देवलाल साहू, श्रीमती रानी साहू, टीकम साहू, सोमनाथ निषाद, दयाराम नेताम, मानसिंग साहू, परस साहू, कृष्णा देव, बोधीराम साहू, ललित कुमरे, टिंकू साहू, मोहनीस धनकर, लक्की धनकर, सुनील कोठारी, रामेश्वर साहू, लेख टंडन, विक्की साहू, छोटू साहू, कमल साहू, नरेन्द्र भारती, मोरध्वज साव, अजीत सिन्हा, हेमचंद यादव, अवध सिन्हा, भूपेन्द्र साहू, नेमचंद साहू, चेतन भानुशाली, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, अमित कुशवाहा, लोकू यादव, मनीष सावरकर, शेख आसिफ, सोनू साहू, ऋषभ जैन, आदित्य वैष्णव, राजा चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### अफसर-फैक्ट्री प्रबंधन जिम्मेदार: जीतू

कांग्रेस नेता जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि हाल ही में वायरल ऑडियो में भाजपा नेताओं द्वारा कथित रूप से रिश्वत लेने की बात सामने आई है। जिससे स्पष्ट होता है कि पूरे प्रकरण में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और फैक्ट्री संचालक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

### नेताओं-अफसरों की मिलीभगत: भागवत

भागवत साहू ने कहा कि पाईप लाइन मामले में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलीभगत से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पांच दिन पहले हुए झगड़ा के रंजिश पर अपने ही दोस्त पर आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, अवैध गांजा, शराब विक्रेता, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर चाकू या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर डोंगरगढ़ पुलिस निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।

**आरोपी गिरफ्तार :** जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 296, 351(2), 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश कर आरोपी श्याम निषाद उर्फ छोटू बिहारी से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



**चाकू के हमले से घायल हुआ युवक :** पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को आरोपी श्याम निषाद उर्फ छोटू बिहारी पिता बिहारी निषाद 20 साल निवासी ताजिया चौक राधिका नगर ने ताजिया चौक के पास अपने दोस्त निथाज्जुद्दीन उर्फ आशिफ खान निवासी कश्मीरीपारा डोंगरगढ़ को अकेल जाते देख दोनों के बीच पांच दिन पूर्व हुए लड़ाई-झगड़ा पर रंजिश रखते हुए गाली देकर तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहकर अपने पास रखे धारदार चाकू से बार-बार जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर घायल कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के साथ भोजन किया जिपं उपाध्यक्ष ने

**साल्हेवारा।** ग्राम पंचायत देवरच्चा के आश्रित ग्राम झिरिया में नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने आयोजन में शामिल होकर बच्चों एवं शिक्षकों के साथ भोजन किया। उन्होंने ग्राम में 11.20 लाख की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का उद्धघाटन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी एवं बीइओ रमेन्द्र डढ़सेना मौजूद थे।



### नेवता भोज और प्रवेशोत्सव आयोजित

**छुईखदान।** पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला कोहलाटोला के तत्वावधान में 4 जुलाई को नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रवेश उत्सव भी आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मुकेश चंदेल, सरपंच दीपसिंह नेताम और पंच मकसूदन साहू, सतीश साहू,राजेश साहू, नेमकुमारी चंदेल, केवराबाई और शिक्षा समिति के अध्यक्ष भीखम चंदेल शामिल हुए। न्योता भोज का आयोजन पंच मकसूदन साहू ने किया। इस दौरान पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया। कार्यक्रम में मनोज चंद्राकर, अनिल देवांगन, कृष्णकुमार वैष्णव, मिलन चंद्रवंशी, उमेश साहू, भागवत चंदेल शामिल हुए।अंत में आभार प्रकट प्रधान पाठक मनोज चंद्राकर ने किया। यह जानकारी अनिल देवांगन ने दी।



### सोसायटी में रोपे पौधे

**टाटेकसा।** अंतर्राष्ट्रीय सेवा सहकारी दिवस के अवसर पर सड़क चिरचारी स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रांगण में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष धन्ना यादव, सरपंच गुरुचरण कतलाम, आनंद शुक्ला, विठोबा चौहान, देवानंद सहारे, राधे लाल निषाद, देवा सेंद्राम, धनीराम खरे एवं कर्मचारी शामिल हुए।



### नर्मदा कुंड का जल स्तर बढ़ा



**सड़क अतरिया।** आषाढ़ माह में अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद भी नर्मदा कुंड का जल स्तर बढ़ गया है। जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। नर्मदा के लोग स्नान आदि के लिए इस कुंड का उपयोग करते हैं। गर्मी में जल स्तर गिरने से यहां के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### नागर बैल की उपयोगिता घटी

**सड़क अतरिया।** रिमझिम बारिश के बीच खरीफ फसल की बुआई जारी है। वर्तमान में किसान बोनी सहित अन्य कार्यों में ट्रेक्टर और अन्य यंत्रों का उपयोग कर रहे हैं। गांवों में नागर बैल का कुछ ही किसान उपयोग कर रहे है। पहले जिन गांव में बुआई के समय में दो दर्जन से अधिक नागर एक साथ निकलते थे वहां अब गिनती के नागर दिख रहे हैं। चकनार, कुकुरमुड़ा, सड़क अतरिया, संड़ी, खैरबना सहित ऐसे कई गांव है जहां चुनिंदा लोग ही नागर बैल का उपयोग कर रहे हैं।



### बाल कैबिनेट का किया गठन, नीलम बने प्रधानमंत्री

**मुसरा।** प्राथमिक शाला सेनडोंगर में गत दिनों बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुड़े एवं शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नीलम ओझा, उप प्रधानमंत्री खुशाल कोसरिया, कृषि एवं बागवानी मंत्री लावेश ओझा, खेल मंत्री उमेन्द्र ओझा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री खोमिन, मध्यान्ह भोजन मंत्री छविता साहू, अनुशासन मंत्री वेदिका, गृहमंत्री लोकेश्वरी को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार कक्षा नायक पाँचवी नीलेश कुमार, चौथी युवराज, तीसरी नेत्राक्ष, दूसरी ललित कुमार और पहिली की कक्षा नायक खुशिका ओझा को बनाया गया।



### गोष्ठी में चऊमास पर चर्चा

**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के तत्वावधान में मासिक गोष्ठी का आयोजन हेमलाल सहारे के संयोजन में कोमलसिंह गुरुजी के निवास में किया गया। गोष्ठी की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन-वंदन से हुई। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. गजेंद्र हरिहारनो थे। अध्यक्षता शेरसिंह गोड़यिा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रभात तिवारी, महेंद्र बघेल, वीरेंद्र तिवारी, डॉ. इकबाल खान, लखन साहू, ओमप्रकाश साहू, थे। आधार वक्तव्य हेमलाल सहारे ने दिया। गोष्ठी में अतिथियों ने चउमास के महत्व और विशेषता पर चर्चा की। दूसरे सत्र में दो दर्जन से अधिक कवियों ने सरस काव्यपाठ किया। कवियों ने किसान, अषाढ़, सावन, भादो, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, प्रकृति, पेड़ बचाव, पानी, प्रेम-गीत आदि विषयों पर काव्य पाठ किया। अध्यक्षता अरविंद कुमार लाल ने की। संचालन ग्वाला प्रसाद यादव ने किया। गोष्ठी में रामाधीन साहू, गजेन्द्र चौधरी, गंगादेवी, गुंजन गुरु, मीनू साहू, रिया देवांगन, लोचन साहू, नेमा सहारे, रेवती कोचे, किशन कोचे, मानसी साहू, हेमा चंद्रवंशी, नुकिता मानिकपुरी, महेश्वरी आदि शामिल हुए। अंत में प्रसिद्ध हास्य कवि स्व. सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।



---

### बेजा हरकत रोकने प्रशासन गंभीर नहीं

# नहर में गंदगी डाल रहे पियक्कड़ खड़ा हो रहा गंभीर पर्यावरण संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई स्थित सरकारी शराब दुकान के पास से ठंडार पहुंच मार्ग के किनारे स्थित नहर इन दिनों गंदगी से पट गई है। नहर में डिस्पोजल गिलास, प्लास्टिक सामान, और मुर्गी के पंखों का अंबार लगा है, जिससे पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन गया है। गंदगी के कारण जमीन की उपजाऊ क्षमता भी प्रभावित होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकान से शराब खरीदने वाले मदिरा प्रेमी सार्वजनिक स्थानों और चखना दुकानों पर बैठकर शराब का सेवन करते हैं। इसके बाद वह पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास, प्लास्टिक थाली और अन्य गैर नष्ट होने वाले सामानों को मौके पर ही छोड़ जाते हैं। दुकानदार इस कचरे को नहर में फेंक देते हैं। इसके अलावा मुर्गी- मुर्गा बिक्रेता बचे अवशेष और पंखों को नहर में डाल देते हैं, जिसके कारण नहर कचरे से भर गई है और बदबू आने लगी है।

## चखना सेंटरों में पीने की सुविधा



**बारिश में खतरा की आशंका**

बारिश होने पर नहर में जमा कचरा बहकर दूर-दूर के गाँवों तक फैल सकता है जिससे जमीन की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो सकती है। लोगों का कहना है कि सिंचाई विभाग और नगर पंचायत के सख्त कदम नहीं उठाने के कारण नहरों में पहले से ज्यादा गंदगी डाली जा रही है, जिससे स्थिति बिगड़ते जा रही है। पर्यावरणीय समस्या को देखते हुए इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

---

# बेरोकटोक बिक रही नकली खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- कार्रवाई के नाम पर कृषि विभाग मौन
- बिना लाईसेंस खाद और दवाई बेच रहे दुकानदार
- किट के वितरण में गड़बड़ी

कृषि विभाग के संरक्षण में अवैध रूप से खाद बेचने के साथ भंडारण कर नकली खाद बेचने का मामला सामने आया है। कृषि विभाग मामले में जांच और कार्रवाई करने के बजाए लीपापोती करने लगा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बिना लाईसेंस खाद और दवाई बेचा जा रहा है। इस आशय की शिकायत होने के बाद भी कृषि विभाग संरक्षण और बढ़ावा दे रहा है। विभागीय अमला अवैध वसूली में जुटा है। अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निःषुल्क बीजो के किट का फर्जी तरीके से वितरण कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रानीगंज में हेमलता कृषि केंद्र में खाद के अवैध भंडारण पर कृषि विभाग ने कार्यवाही किया है। कृषि विकास अधिकारी जीवनलाल चंद्रवंशी ने बताया कि मौके से यूरिया 16 टन और सिंगल सुपर फास्फेट 7 टन जप्त किया गया। इस संबंध में व्यापारी का कहना है कि उतना माल नहीं था जितना विभाग दावा कर रहा है।

### सरकारी गोदाम खाली

जानकारी के अनुसार सोसायटियों में डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है वहीं दुकानों में खाद पर्याप्त मात्रा में मिल रही है। नियमतः किसानों को डीबीटी पाश मशीन के माध्यम से खाद बेचा जाना चाहिए, लेकिन दुकानदार बिना पॉश मशीन के ऊंचे दामों पर खाद बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार 1350 रूपए कीमत वाली खाद 1800 से 2000 रूपए और 266 मूल्य वाली यूरिया को 450 से 500 रूपए में बेचा जा रहा है।

---



### बगदई में निकली जल यात्रा

**डोंगरगांव।** ग्राम बगदई में नीर व नारी जल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम भ्रमण के बाद सभा गृह में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री फुलवासन यादव जल बचाव के बारे में उपस्थिन जनों का जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच कुलदीपसिंह ठाकुर, उपसरपंच टीकम निषाद, लाला पटेल, भूपेन्द्र निषाद, सीता दुबे, बिंदु साहू, धर्मिन यादव, मंजूका श्रीरंगे, रेणु पटेल, इंदु निषाद, सावित्री सिन्हा, सचिव डुलन ठाकुर, रोजगार सहायक हेमंत कोर्राम, राजेन्द्र साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में धनराज सिंह ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति रही।

# नामांकन प्रक्रिया छह से, 10 से बढ़ेगी हलचल

## प्रत्याशियों पर मतदाताओं की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में उपजा सदस्यता का मामला अब शांत हो गया है। आगामी 20 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए देर रात निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति साथ 6 जुलाई से नामाकंन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आगामी 10 जुलाई से दोनो पैनल के लोग प्रचार प्रसार से जुट जाएंगे। आरोप प्रत्यारोप को देखते हुए कहा जा रहा है कि बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट का चुनाव में काफी गहमा गहमी देखा जा सकता है।

जानकारी के अनुसार भैया जी पैनल के दोनो सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जुडने के साथ अब संरक्षण श्रेणी में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। पिछले तीन साल तक विपक्षी पैनल के कुछ ट्रस्टियों की धर्मिक आयोजनों में अनुपस्थिति और कुछ पर पूर्व कार्यकाल में लगे आरोप को देखते हुए तीनो श्रेणी के मतदाता व्यक्तिगत पृष्ठभूमि के आधार पर मतदान करने का विचार बना सकते है। वतर्मान में ट्रस्ट के बढते वर्चस्व को देखते हुए कुछ प्रभावशाली ट्रस्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी हथकंडे अपनाने की तैयारी में नजर आ रहे है। इन दिनों दोनो पैनल के ट्रस्टियों की कार्यप्रणाली को लेकर शहर के चौक चौराहो में चर्चा शुरू हो गई है।

# तालाब बेचने के मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में एक व्यक्ति द्वारा तालाब पर अपना अधिकार बताकर बेचने का मामला सामने आया है। इस मसले को शुक्रवार को सैकड़ों महिला पुरूष कलेक्टर आफिस पहुंच कर मामले की जांच करने आवेदन दिया था। उन्होंने तालाब को सार्वजनिक घोषित कर ग्रामीणों को हक देने की मांग किया था। मामले को संज्ञान में लेकर शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सार्वजनिक हित को ध्यान में रख समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गांव में एक ही तालाब है जो लगभग सात एकड़ में फैला है। जहां यह तालाब है वह जमीन जौहरीदास के नाम पर थी। उन्होंने जमीन को गांव को दान कर दिया था। पुराने समय से लोग इस तालाब का उपयोग करते आ रहे हैं। वर्तमान में एक व्यक्ति विशेष ने इस तालाब पर अपना स्वामित्व बताकर अन्य को बेच दिया है। तालाब को बेचने का पूरा गांव विरोध कर रहा है।



### कैसे बिकी दान की जमीन?

ग्रामीण इस मामले पर कई बिन्दुओं पर जांच के साथ तालाब पर हक मांग रहे हैं। उनका कहना है कि तालाब को दान करने वाले जौहरी दास की संतान नहीं था। उन्होंने तालाब की जमीन को दान कर दिया था तो जमीन की बिक्री किस आधार पर किया गया। नियमानुसार निस्तारी जल से भरी सार्वजनिक भूमि की खरीदी बिक्री नहीं हो सकती।

---

# सेवानिवृत्त व्याख्याता को विदाई

**बांधाबाजार।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जादूटोला में पदस्थ व्याख्याता पुरन्दनलाल उइके के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार ने समारोह पूर्वक विदाई दिया। मुख्य अतिथि श्री उइके थे। प्राचार्य एसएल खोब्रागड़े, प्रधानपाठक आरके दुबे, व्याख्याता एएस भारद्वाज ने मां सरस्वती की पूजन वंदन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था प्रमुख ने करते हुए साल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री उइके ने 42 वर्ष के सेवा काल में आए उतार-चढ़ाव के अनुभव को साझा किया। इसी क्रम में श्री भारद्वाज, श्री दुबे ने श्री उइके के साथ बिताए पलों को याद किया। प्राचार्य श्री खोब्रागडे ने श्री उइके के व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर उदय प्रकाश यादव, यूएस भंडारी, डीएस भंडारी, एसएन कोलियारे, डब्ल्यू साहू, एके वर्मा, पी रामटेके, पी राहुल, आरके नेताम, गीता नेताम, टी संगीता, सीमा पटेल, सूरज प्रकाश देवांगन, टीडी साहू, एस देवांगन, एल देवांगन आदि मौजूद थे। संचालन एलआर साहू ने किया।



### विदाई कार्यक्रम में भावुक हुए छात्र

**कुमर्दा।** पंडित तुलसी प्रसाद मिश्रा उच्वतर माध्यमिक शाला चिरचारी कला के व्याख्याता मनहरण लाल पिथौरा के सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों से लेकर ग्रामीणों तक भावुक नजर आए। कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, सरपंच भारती मंडावी, जिला कांग्रेस महामंत्री नरेश शुक्ला, लालचंद साहू, प्रहलाद मिश्रा, अंजनी शर्मा, बीईओ प्रशांत चितावरकर, प्राचार्य एसबी उर्वशा तथा स्त्रोत समन्वयक पीडी साहू शामिल हुए। दीप प्रज्ज्वलन के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता श्री पिथौरा को स्मृति चिन्ह, आदर्श पुस्तकें और अंगवस्त्र भेंटकर विदाई दी गई।

### पानी को दूषित होने से बचाने डाली दवा

**सड़क अतरिया।** बरसात में जल के दूषित होने की आशंका को देखते हुए पेयजल स्त्रोतों में क्लोरिन की दवा डाला जा रहा है। क्षेत्र के लगभग सभी गांव पेयजल के लिए नल जल योजना पर आश्रित है। बरसात में शुद्ध पेय जल को लेकर समस्या रहती है। विभाग द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेय जल मुहैया कराने नलकूपों में दवा डाला जा रहा है।



# गंडई के पशु चिकित्सक का तबादला, नई पोस्टिंग नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई स्थित पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉ संदीप इंदुलकर का तबादला हो गया है, लेकिन उनके स्थान पर अन्य की पदस्थापना नहीं की गई है जिससे पशु चिकित्सालय के महत्वपूर्ण कार्यों के प्रभावित होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार डॉ संदीप इंदुलकर की पोस्टिंग गंडई पशु चिकित्सालय में 2016 में हुई थी। वह तब से अब तक पशु चिकित्सालय के सभी कार्य संचालित करते आ रहे थे, जिससे स्थानीय पशुपालकों को काफी राहत मिल रही थी। पशुधन विकास विभाग ने 30 जून को जारी आदेश कर डॉ इंदुलकर का तबादला सुकमा जिले के तोंगपाल कर दिया है। विडंबना यह है कि उनके स्थान पर अन्य पशु चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे पशु चिकित्सा सेवा प्रभावित हो सकती है।

### अन्य विभागों में भी कमी

जानकारी के अनुसार तहसील और एसडीएम कार्यालय में भी कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। कृषि उपज मंडी प्रभारी सचिव के भरोसे चल रही है।सिंचाई विभाग का भवन जर्जर हालत में है। आबकारी विभाग का कार्यालय नहीं है।गंडई अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। अब पशु चिकित्सालय के चिकित्सक का तबादला होने से स्वास्थ्य सेवा बिगड़ सकती है।

### नियुक्ति का होगा प्रयास

जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि गंडई कृषि और पशुपालन प्रधान क्षेत्र है।क्षेत्र के पशुपालकों को तकलीफ न हो इसलिए जल्द ही पशु चिकित्सक की नियुक्ति के लिए शीर्ष के नेताओ का ध्यानकर्षण कराया जाएगा।

---

## कर्मी मनमानी पर उतारू, निर्माण में गड़बड़ी

# पुराने ढर्रे पर पालिका का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सीएमओ सीके शर्मा के स्थानांतरण के साथ ही कर्मचारी अधिकारी मनमानी करने उतारू हो गए है। दैनिक वेतनभोगी पुराने कर्मचारियों को हटाने के साथ नए को काम में रखने के साथ कुछ अपने रिश्तेदार को काम में रख रहे है।

उल्लेखनीय है कि निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने के अलावा समाग्री खरीदी के फर्जी बिल वाउचर लगाकर भुगतान किया जा रहा है। सत्यापन मुल्यांकन कागजों में ही कर भुगतान करने को लेकर पहले से शिकायतें सामने आते रही है। आवास योजना में कमीषन खोरी के साथ शहर के 24 वार्डो में लगाई गई पानी टंकी में अवैध कनेक्शन लेने के मामला सामने आ चुका है। इसी प्रकार सफाई के लिए खरीउे गउ इलेक्ट्रानिक वाहनों को कबाड में रखने और उसके कीमती समानों की चोरी होने की घटनाएं भी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार कंडम वाहन और सामग्री को भी चोरी छुपे कबाड में बेचने की घटनाएं भी लगातार हो रही है।



### दुकानों की राशि जमा नहीं

पालिका में दुकानों का आबंटन तो कर दिया है किन्तु आबंटन के दो साल बाद भी दुकानदारों ने राशि जमा नहीं किया है। फल दुकान के आबंटन में राजस्व को नुकसान पहुंचाते हुए जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों और उनके चहेतों को लाभ पहुंचाने का भी आरोप पालिका प्रशासन पर लग चुका है।

### कार्रवाई का असर नहीं

उल्लेखनीय है कि राशि के दुरूपयोग की शिकायत के बाद जांच में गड़बड़ी का खुलासा होने पर पालिका के तत्कालीन सीएमओ, इंजीनियर एवं लेखापाल को राज्य शासन ने सस्पेंड कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद पालिका की कार्यप्रणाली में सुधार की संभावना थी किन्तु देखने में आ रहा है सबकुछ पहले जैसे ही चल रहा है। वर्तमान में सड़क डामरीकरण, नाली, सीसी रोड और सफाई के नाम पर गड़बड़ी चरम पर है जिसे लेकर पालिका के खिलाफ आक्रोश का माहौल बनने लगा है।

**पेंशनरों की बैठक 15 को : डोंगरगढ़।** पेंशनर ऐसोसिएशन की मासिक बैठक पेंशनर कार्यालय में आगामी 15 जुलाई को 11 बजे आहूत की गई है। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू ने बताया कि बैठक में नव प्रवेशी पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। ऐसोसिएशन की गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान इस माह जन्मे पेंशनरों का जन्मदिन मनाया जाएगा।

**आवश्यकता है**

डोंगरगढ़ शहर, अछोली, नागतराई, इंदिरा नगर क्षेत्र में 'हरिभूमि' समाचार पत्र वितरण हेतु लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं जरुरतमंद तुरंत संपर्क करें।

संपर्क : प्रकाश अग्रवाल, अनुभव न्यूज एजेंसी
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, मो. 9300963883

## खबर संक्षेप

### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जरहामहका में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का



स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। बच्चों को शासन द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच मन्नूलाल कंवर, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच अरुण कुमार तुलाराम सिरमौर व चुम्मन लाल गेंडेरे तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी की उपस्थिति रही। शाला की ओर से चमेली देवांगन, सरोज कोटरे, उषा पटौती, डीके गजेन्द्र, भीमन चौरे व कुंजलाल पिस्दा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व वक्ताओं ने शिक्षा के महात्व पर प्रकाश डाला और अविभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजे एवं पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें। प्रवेश उत्सव में शाला और अभिभावकों के बीच सकारात्मक संवाद की एक मजबूत कड़ी स्थापित की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चमेली देवांगन ने किया।

### गुजराती स्कूल में वेलकम सेरेमनी का आगाज

**राजनांदगांव।** गुजराती स्कूल में 28 जून को प्री स्कूल वेलकम सेरेमनी के साथ भवन के प्री-प्राइमरी सेक्शन का लोकार्पण फीता काटकर किया




गया। तत्पश्चात नए दाखिल हुए नर्सरी व बालवाड़ी के 74 बच्चों को तिलक लगाकर भेंट स्वरूप चॉकलेट वितरित किया गया। मुख्य अतिथि दीपक बुद्धदेव ने कहा कि संस्था को आगे ले जाने में जो शिक्षकों का योगदान है, वह सराहनीय है और जैसे पूर्व में गुजरती स्कूल पहली स्कूल थी। जिसमें बस संचालन में वैसे ही भविष्य में हम बस सेवा दूरगामी इलाके से आने वाले बच्चों के लिए शुरू करें। विशेष अतिथि गिरीश सोनछात्रा ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में उनकी आवश्यकता जब भी हो, संस्था के भवन या अन्य किसी भी काम के लिए तो वे सहर्ष ही उपलब्ध रहेंगे और अपना पूरा योगदान देंगे। विशिष्ट अतिथि शांतिलाल पटेल ने बताया कि उन्हें भी इस स्कूल में प्राथमिक शाला में शिक्षा प्राप्त करने का अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जगदीश कोटक, अमृता सिन्हा, विनय पटेल, पवन पटेल, रूपम सोनछात्रा, हिमांशु पटेल, चन्द्रिका बेन नाथवानी, रीटाबेन पटेल, सिद्धि मिरानी, प्रवीण काथरानी, योगेश माणेक, गिरीश ठक्कर, सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल, तारिक लालानी, शिक्षकगण समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी शिक्षिका भगवती साहू ने दी।

### बेहतर स्वास्थ सुविधाओं के लिए रमन का जताया आभार

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री रविंद्र वैष्णव, सौरभ कोठारी, राजेंद्र गोलछा समेत संतोष अग्रवाल व सचिन बघेल ने शहर के मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन एवं सीटी स्कैन मशीन के लगने एवं हाल में ही हुई 165 पदों पर की गई नियुक्ति पर डॉ. रमन सिंह को विशेष रूप से साधुवाद देते कहा कि शहर की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या के लिए संवेदनशील डॉ. रमन सिंह की पहल से निश्चित रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों के हित में सुविधाओं की कमी नहीं थी, परंतु डॉक्टर और स्टाफ की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। 165 पदों की भर्ती से यह समस्या समाप्त होगी और मरीज को स्वास्थ्य लाभ में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने शहर को संवारा व सजाया।

### किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**छुईखदान।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन तथा जिला



कार्यक्रम अधिकारी पीआर खुटेल, परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खैरबना हाईस्कूल की छात्राओं को सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत किया गया है। प्रशिक्षक सुनील निषाद द्वारा छात्राओं को आपातकालीन स्थितियों में आत्मरक्षा के व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी जा रही है। परियोजना अधिकारी श्री बंजारे ने बताया कि प्रशिक्षण में बालिकाओं को न सिर्फ आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई जा रही है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण 70 बालिकाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। पर्यवेक्षक ऋतु गुप्ता एवं खेमिन धुर्वे ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल श्रम निषेध अधिनियम, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हिंसात्मक घटनाओं के दौरान सतर्कता एवं कानूनी सहायता जैसे विषयों की जानकारी दी।

## निर्धारित राशि से अधिक की हो रही वसूली

# सीएससी सेंटरों में लूट, श्रम विभाग भी बराबर का हिस्सेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में संचालित लगभग पांच सौ से उपर कामन सर्विस सेंटर में दस्तावेज बनाने या नवीनीकरण के नाम पर मन माफिक वसूली की शिकायतें आम हो रही है। जानकारी अनुसार सरकार ने डिजीटल इंडिया को मूर्त रूप देने आम जीवन के जुड़ी ज्यादातार आवश्यक कागजातों को आनलाईन तैयार करने सीएससी सेंटरो को अधिकृत किया है, लेकिन पता चला है कि शासन द्वारा हर काम के बदले निर्धारित राशि से ज्यादा इनके द्वारा वसूला जा रहा है।

सेंटरों को आबकारी, श्रम, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, जाति, निवास, आय, खाद्य लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आयुष्मान कार्ड, नक्शा, खसरा, बी वन सहित तीन दर्जन के आसपास दस्तावेज तैयार करने, आवेदन करने जैसे काम करने के लिए आईडी जारी कर अधिकृत किया गया है। पता चला है कि विभागीय कामों को पूरा करने और आज जन को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने के नाम पर इनके द्वारा विभागीय अधिकारियों से सेटिंग कर हितग्राहियों से अवैध वसूली की जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक सेंटर संचालक ने श्रम विभाग के निरीक्षक पर हितग्राही को योजना का लाभ देने पैसा मांगने, कमीशन की पर्याप्त राशि नही देने पर हितग्राही को योजना के लाभ से वंचित करने का आरोप लगाते हुए एसपी को नामजद आवेदन देकर कारवाई की मांग की है।

### एजेंट के मार्फत होती थी वसूली

जिले के गंडई में सीएससी सेंटर का संचालन करने वाले विनोद सिंह राजपूत ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन सौंपकर बताया कि छुईखदान गंडई रेंज के श्रम निरीक्षक लोकेंद्र वैष्णव पर श्रम कार्ड के पंजीयन, नवीनीकरण सहित अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ देने के लिए निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन उक्त अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन आवेदन, दस्तावेजी प्रक्रिया के साथ करने के बाद भी निरीक्षण के नाम पर मनमाफिक वसूली की जा रही है। विनोद राजपूत ने बताया कि रंजूबाई पति अश्वनी वर्मा, शैलेंद्री पति खेमराज साहू द्वारा नोनी सशक्तिकरण योजना का अपनी बेटी को लाभ देने आवेदन जमा किया गया था जिसे पैसा नही देने के कारण अपूर्ण दस्तावेज बताकर निरस्त कर दिया गया। उसने बताया कि दोनों आवेदकों के आवेदन को पैसा नही देने के कारण उक्त अधिकारी लोकेंद्र वैष्णव द्वारा 6 से 7 बार निरस्त कर दिया गया है जबकि योजना तहत सारे नियमों का पालन करते हुए आवेदन किया गया है। विनोद राजपूत ने कहा कि श्रम निरीक्षक द्वारा इस काम के लिए मदराकुही निवासी और नए बस स्टैंड मे सेंटर संचालन करने वाले शिवकुमार साहू को नियुक्त किया गया है जिसके एकाउंट मे अलग अलग योजना का लाभ लेने पैसा डालने के बाद ही संबंधितों का आवेदन स्वीकृत होता है और उन्हें उसका लाभ मिलता है। विनोद राजपूत ने आवेदन के साथ ही आडियो भी रिलीज किया है जिसमें मंत्री के आने पर पैसा लगने की बात कहते हुए श्रम निरीक्षक लोकेंद्र वैष्णव द्वारा विनोद राजपूत से नया काम कराने से पहले पुराना हिसाब क्लियर करने कहा जा रहा है।

### कुछ पूछने की हिम्मत नहीं हुई

मेरे फोन पे में किसी किसी का पैसा आता था जिसे मै तुरंत साहब के खाते में ट्रासंफर कर देता था। विभागीय अधिकारी होने के कारण इस विषय में कभी कुछ पूछने की हिम्मत नही हुई।- **शिवकुमार साहू,** संचालक श्रमिक मितान सेंटर

### शिक्षण व्यवस्था का जायजा लेने वनांचल के स्कूल पहुंचे डीईओ

**खैरागढ़।** जिले में शिक्षण व्यवस्था का जायजा लेने डीईओ लालजी द्विवेदी ने साल्हेवारा, बकरकट्टा इलाके में स्थित वनांचल क्षेत्र के दर्जन भर स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महराटोला, झूमरकोंहा, गर्रा, लावातरा, कुम्हरवाड़ा के प्राथमिक शाला, उमाशाला झूरानदी और ठाकुरटोला सहित बकरकट्टा के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान झूरानदी उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला लगने के निर्धारित समय बाद भी अनुपस्थित पाए गए प्रभारी प्राचार्य सहित पांच व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा के स्तर को सुधारने और प्रशासनिक कसावट को बनाए रखने समय समय पर निरीक्षण किया जाएगा। सभी शिक्षक शिक्षिकाएं नियमित और निर्धारित समय पर शाला पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए छात्र-छात्राओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करें।

### सोसायटी प्रांगण में पौधरोपण

**मुसरा।** मुसराकला धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ माँ के नाम



अभियान के तहत दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। इस दौरान समिति प्रबंधक गणेशराम वर्मा, अध्यक्ष दिनेश वर्मा, शिवकुमार टेम्भुरकर, ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गुलशन लिल्हारे, एवन वर्मा, विनोद वैष्णव, हरिनारायण शर्मा, रामकुमार साहू, दीपक गोस्वामी, दयाराम यादव, भूपेंद्र साहू, राजू वर्मा, मनीष साहू, तरुण वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संगीत विवि में प्रवेश विवरणिका नए कलेवर में हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इंदिरा कला संगीत विवि द्वारा शैक्षणिक सत्र 25-26 के लिए नए कलेवर वाले प्रवेश विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

प्रवेश विवरणिका में विवि की समस्त शैक्षणिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक जानकारियों को समाहित किया गया है। इसमें विवि के लक्ष्य, उद्देश्यों के साथ-साथ विभिन्न संकायों और उनके अंतर्गत संचालित विभागों की विस्तृत जानकारी दी गई है। विवरणिका में संग्रहालय, सभागार, योग केंद्र, व्यायामशाला, ग्रंथालय, दृश्य-श्रव्य प्रभाग एवं कंप्यूटर केंद्र जैसी सुविधाओं का उल्लेख किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी भी विवरणिका में सम्मिलित की गई है, जिससे विद्यार्थीगण समसामयिक शैक्षणिक परिवर्तनों से अवगत हो सकें।

### डिजिटल सुविधा से सुसज्जित

इस वर्ष विवरणिका को डिजिटल रूप में भी सुलभ बनाया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण लिंक और बारकोड हैं, जिनके माध्यम से वे अपने मोबाइल पर ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों की विभागवार सूची भी विवरणिका में दी गई है, जिससे विद्यार्थीगण संबंधित अधिकारियों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकें। विमोचन दौरान कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि यह प्रवेश विवरणिका विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। यह न केवल विवि की संरचना को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर में सहयोगी रहेगी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सात को

**छुईखदान।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष शर्मा, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ विद्या श्रीधरन, सहायक नोडल अधिकारी नागेश सिमकर के समन्वय से जूनोसिस रोगों एवं प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार की मुख्य वक्ता केरल के मेडिकल कॉलेज की सह प्रोफेसर डॉ आरती अच्युतन थी। उन्होंने ब्रुसिलोसिस, रेबीज़, स्क्रब टायफस जैसे जूनोसिस रोगों के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा एवं जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने पर बल दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्रों में किसानों, पशुपालकों आदि की निः शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रेजेंटेशन देंगे। वेबिनार के आयोजन में खिलेश साहू, खेमराज साहू, ऐश्वर्य साव आदि ने सहयोग दिया।

## भाजपा ने किया पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रणचंडी मंदिर के सामने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन, शहर अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, विनीत यादव, विनय बंसल, विजेंद्र सिंह ठाकुर, परविंदर सिंह मोंटी, हरीश मोटघरे, ज्योति बड़वाइक, अचलासिंह, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, शिवांगी साखरे, डॉ. रेखा रार्घोते, बबीता साहू, पूजा उजवने, अलका सहारे, दुर्गा सिन्हा, लोकेश इंडुलकर, शुभम परिहार आदि ने पौधरोपण किया। इसी प्रकार 4 जुलाई को इंदिरा नगर, बुधवारी पारा, भगत सिंह चौक, आदर्श नगर, वार्ड 14, 4 एवं वार्ड 2 देव नगर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, शशिकांत द्विवेदी, सुनील जैन चीकू, तुलसी मिश्रा, अनिल पांडेय, संतु राव, सुषमा कोठारी, ज्योति बड़वाइक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, हरीश मोटघरे, लक्ष्मी यादव, पार्षद प्रीति चमन समुद्रे, देवेंद्र साखरे, अमित जैन, डी एकेश राव, सुमित ताम्रकर, शिवांगी साखरे, बबिता मालगार, हरीश मोटघरे, अंचला ठाकुर, अलका सहारे, अनिता इंदुलकर, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, पूजा उजवने, मुकुंद कंडरा, भागवत नामदेव, डिम्पी महापात्र, शुभम परिहार, गिरीश साहू, आकाश राजपूत, आवेश निगम, अजय शर्मा, लोकेश इंदुलकर, जयेश सहारे, आदि शामिल हुए। पौधरोपण के साथ सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया।




### हर सोमवार होगा पार्थिव शिवलिंग का विशेष अभिषेक

# रुक्खड़ स्वामी मंदिर में पवित्र सावन माह की तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पवित्र सावन माह की शुरुआत के साथ ही रुक्खड़ स्वामी मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। परंपरा मुताबिक इस बार भी सावन के पहले दिन से पार्थिव शिवलिंग का नियमित अभिषेक शुरू होगा।

मंदिर समिति ने बताया कि खास तौर पर हर सोमवार को पार्थिव शिवलिंग का विशेष अभिषेक किया जाएगा वहीं गर्भगृह के पीछे स्थापित शिवलिंग में भी पूजा-अभिषेक होगा। इसके अलावा सोमवार और गुरुवार सहित अन्य विशेष अवसरों पर सिद्ध शिव पीठ पर घी और बादाम का लेप भी चढ़ाया जाएगा। मंदिर परिसर में बेल वृक्ष के नीचे बने हाल में अभिषेक और पूजा का सिलसिला पूरे माह चलेगा। ट्रस्ट समिति अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने बताया कि सावन माह के दौरान प्रतिदिन पूजा, अभिषेक और पारंपरिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे समय रहते अपनी पूजा की बुकिंग करा लें ताकि सुविधा अनुसार जगह सुनिश्चित की जा सके।

### गौशाला में होगा पौधरोपण

लालपुर स्थित श्री रुख्खड़ विहार गौशाला में भी सावन माह में वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारी चल रही है। कई किस्मों के पौधे लगाए जाएंगे, जिनके लिए गड्ढों की खुदाई शुरू हो गई है। गौशाला में फिलहाल करीब 100 गौवंशों की सेवा की जा रही है। ट्रस्ट के माध्यम से उनके लिए आहार, पानी और दवाओं की व्यवस्था नियमित रूप से हो रही है। मौसम के मुताबिक हरा चारा और औषधीय आहार की तैयारी की जा रही है। श्रद्धालु भी अपनी सहभागिता यहां दर्ज करा सकते हैं।

## सार समाचार

### मोहर्रम पर कॉलेज के सामने रखे जाएंगे ताजिये

**राजनांदगांव।** मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा इस वर्ष भी कल 6 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर कर्बला के शहीद हजरत इमाम हुसैन की याद में श्रद्धापूर्वक ताजिया रखा जाएगा। इस संबंध में पंचायत अध्यक्ष सिकंदर गौरी ने बताया कि इस बार ताजिया अटल सैय्यद बाबा की मजार से निकलकर दिग्विजय कॉलेज के सामने रखा जाएगा। इस अवसर पर हुसैनी यादों को जीवंत करने हिंदुस्तान के प्रख्यात नातख्वान इमाम हुसैन की शहादत की याद में नात प्रस्तुत करेंगे। साथ ही हैदरी अखाड़ा अपनी पारंपरिक एवं आकर्षक अखाड़ा प्रस्तुति देगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।



आयोजकों ने श्रद्धालुओं और नागरिकों से अनुरोध किया है कि 6 जुलाई को दोपहर 4 से रात 10 बजे के मध्य दिग्विजय कॉलेज परिसर में पहुंचकर ताजिये की जियारत करें और इस पवित्र अवसर पर शरीक होकर अपनी हाजिरी दर्ज कराएं। इस आयोजन को लेकर मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और कार्यक्रम को शांति, श्रद्धा एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई है।

### तिलईरवार स्कूल के बच्चों ने देखा प्रसारण

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 4 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ''कठिन नहीं-सही मार्गदर्शन चाहिए'' आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्र-छात्राओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आईएएस आकाश गर्ग, आदित्य विक्रम, पूर्वा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित धवानी द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने आवश्यक मार्गदर्शन का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से विद्यालय में प्रोजेक्टर द्वारा सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को प्रमुखता से प्रोजेक्टर द्वारा छात्र-छात्राओं को दिखाने हेतु थंगेश्वर साहू व्याख्याता का योगदान रहा। विद्यालय से जानकी वल्लभ तम्बोली व्याख्याता ने सुमीत कुमार, सागर कुमार, कक्षा 12वीं के गणित संकाय के छात्रों को लेकर इस कार्यक्रम के लिए पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव गए थे। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम यदु , अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुर्वाय, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तम्बोली, राजेश नेताम, जितेन्द्र कश्यप, नोहरदास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अशीम यदु के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।



### आश्रम में होगा दिव्य सत्संग प्रवचन

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा महोत्सव से चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन कीर्तन होगा। इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग द्वारा अपने श्री मुखारविंद दिव्य सत्संग-प्रवचन प्रस्तुत करेंगे। चातुर्मास आयोजन समिति के संरक्षक गुलाब वर्मा और अध्यक्ष नरबद वर्मा, उपाध्यक्ष वीपी वर्मा और ऐतिहासिक सद्गुरु कबीर मंदिर आश्रम के गादीपति महंत श्री सेवादास साहेब आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, हेमंत साहू के विशेष सहयोग से आयोजन किया जाता है। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।



### लिटिया में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम लिटिया में शासकीय प्राथमिक शाला/ पूर्व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दीपा हेमंत बंजारे व अध्यक्षता सरपंच लीलादेवी गोपीचंद गायकवाड़, विशेष अतिथि पूर्व सरपंच शान्ति वर्मा एवं दोनों विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष रूखमणी मारकण्डे एवं आरती वर्मा शामिल थे। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संध्या मिश्रा, हंसकुमार मेश्राम, दीपक तिवारी, अजय कड़व, हेमंत जांगड़े, लिकेश्वरी भारती, सुष्मिता भारती, लीलाधर वर्मा, मंगलू वर्मा, भागेश्वरी बंजारे, नेमन भारती, प्रभा, सुनिता मारकण्डे, हेमंत बंजारे, किसन वर्मा उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षक अजय कड़व ने दी।



### समाज सेवक संघ का गांवों में गठन

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के संयोजक व समाजसेवी संजीव सिंघल ने 13 गांव में अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। उन्होंने पटेवा से प्रीति साहू को अध्यक्ष बनाया। इसी प्रकार सिरसाही से वेदिका वर्मा, ढोडिया मोहारा से गोवर्धन वर्मा, भेंडरवानी से रेखा साहू एवं खैरझिटी से चुनेश्वरी यादव अध्यक्ष व नंदिनी बघेल को उपाध्यक्ष एवं शुभ्रांजली बघेल को महासचिव बनाया गया। इसी तरह देवडोंगर से पूर्णानन्द सिंह राजपूत एवं सलोनी से यशपाल साहू को अध्यक्ष बनाया। चंवरढाल से मुरली वर्मा एवं गातापारकला से गोपाल वैष्णव को अध्यक्ष बनाया। चारभाठा से गोंविद साहू अध्यक्ष एवं झम्मन साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। उपरवाह से टुकेश साहू व ग्राम इरई से रोमा को अध्यक्ष बनाया। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।



## विभाग व ठेकेदार की भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर

# पहली बारिश में ही उखड़ी साढ़े चार करोड़ की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य सरकार द्वारा निर्माण कामों में गुणवत्ता बरतने के भले ही लाख दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हाईप्रोफाइल जिले में राज्य सरकार के इस दावे की पोल खुलते दिखाई दे रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से बन रही खुटेरी से सुरगी तक की सड़क पहली बारिश में ही उखड़ गई है। हालात यह है कि गुणवत्ताहीन काम पर पर्दा डालने के लिए ठेकेदार द्वारा नई सड़क में मुरूम डाली जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा खुटेरी से सुरगी तक 11 किलोमीटर सड़क का निर्माण काम इसी साल पूरा कराया गया है। चार करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए की लागत से निर्मित इस सड़क का ठेका पिछले साल राजकान इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड दुर्ग को दिया गया था। ठेकेदार ने पिछले मार्च माह से काम शुरू किया और तीन माह के भीतर ही सड़क का निर्माण काम पूरा कर लिया गया।





### कार्रवाई की उठी मांग

ग्रामीणों ने इस मामले में ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आनन-फानन में गुणवत्ताहीन काम कर विभाग ने ठेकेदार को भुगतान कर दिया है। इस मामले में जांच की मांग की गई है।

### नई सड़क पर डाल रहे मुरूम

सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने के चलते पहली बारिश में ही नवनिर्मित सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने हरिभूमि को बताया कि पहली बारिश में ही सड़क पर दरारें और गड्ढे हो गए हैं। गड़बड़ी पर पर्दा डालने शिवनाथ नदी भर्रेगांव पुल के पास गड्ढे को पाटने के लिए मुरूम डाला गया है। ग्राम आरला के पास भी गड्ढों को भरने के लिए मुरूम को डाला गया है।

## जैन बगीचे में प्रवचन 9 से



**राजनांदगांव।** शहर के जैन बगीचे में चातुर्मास के लिए पहुंचे जैन संतों का आज समाज के लोगों ने भक्तिभाव के साथ स्थानीय सुभाष द्वारा के समीप भव्य स्वागत किया। इस दौरान गुरु भजनों में झूमते हुए जैन अनुयायियों ने शोभायात्रा के माध्यम से मुनियों का पदार्पण जैन बगीचे में कराया।

जैन बगीचे में 9 जुलाई से जैन मुनि चातुर्मास प्रारंभ करेंगे और इस 4 महीने में मानव कल्याण के लिए धर्म का उपदेश देंगे। चातुर्मास के लिए जैन मुनियों के आगमन का उत्साह समाज के लोगों में नजर आया। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग सुभाष द्वारा चौक के समीप एकत्रित हो गए और यहां रंगोलियां सजाई।

### 4 नवंबर तक प्रवचन

चातुर्मास को लेकर समाज के अध्यक्ष मनोज बैद ने बताया कि 9 जुलाई से 4 नवंबर तक स्थानीय जैन बगीचे में चातुर्मास का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि हमारे आत्मोथान के लिए यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह प्रवचन, दोपहर में स्वाध्याय और एक घंटे का सामायिक प्रतिक्रमण होगा। इस दौरान साधु भगवन लोगों की जिज्ञासाओं का उत्तर देंगे।

### गुरु भजनों में झूमे अनुयायी

चातुर्मास के लिए जैन साधुओं का शहर में आगमन होने पर समाज के अनुयायियों में खासा उत्साह नजर आया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे जैन समाज के लोग गुरु भजनों में झूमते रहे। इस दौरान समाज के छोटे बच्चे भी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। वहीं सैकड़ों की संख्या में पहुंची महिलाओं ने विधि-विधान से कलश के साथ संतों का स्वागत किया।

### वर्षावास के लिए पहुंचे सात मुनि

स्थानीय जैन बगीचे में आयोजित चातुर्मास के लिए विनय कुशल मुनि, वीरभद्र विराग मुनि नंदीसेन मुनि, भव्य मुनि, सोनभद्र, सुहस्ति भद्र और 13 वर्षीय हंस भद्रमुनि का आगमन शहर में हुआ है। उनके आगमन अवसर पर समाज के लोगों ने श्रद्धा भक्ति और संस्कारों के साथ संस्कारधानी में स्वागत किया है। इस दौरान स्थानीय जैन मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की गई।

## चौक का नामकरण करने डॉ.रमन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी के नाम पर चौक नामकरण हेतु लोक कलाकार एवं कवि साहित्यकारों ने मांग उठाई है। इस संदर्भ में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रेखा मेश्राम, वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, वरिष्ठ कवि आत्माराम कोशा, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक, पवन यादव, नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, छन्नूलाल नत्थन दास, लोक गायक महादेव हिरवानी, मनहरण साहू आदि द्वारा डाक्टर्स-डे पर डॉ. रमन सिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ हैं, करते हुए उन्हें तत्संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर राजा माखीजा, राजेश डागा राजू, संजय तेजवानी, सैफी बग्गा, मनोहर यादव, सुनील बंसोड़, महावीर साहू, गौतम रंगारी आदि मौजूद थे। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

## शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराध और असामाजिक गतिविधियों में अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 16 प्रकरणों में 39 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया था। पुलिस द्वारा गुंडा, बदमाश, निगरानी शुदा और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है।संदिग्धों की तलाशी, गिरफ्तारी और थानों में बुलाकर चेतावनी भी दी जा रही है।



### लगातार घटनाए

ज्ञात हो कि लगातार पुलिस कार्यवाही के बाद भी लगातार मारपीट और चाकू बाजी की घटनाए सामने आ रही है। शुक्रवार को शाम के समय शहर के चहल पहल भरे इलाका प्यारे लाल चौक में चाकू बाजी की घटना हुई जिसमें एक युवक घायल हो गया। जिससे लोगो में भय व्याप्त हो गया था।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई

जिस पर 5 जुलाई को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बसंतपुर में 3 प्रकरण 15 आरोपी, थाना लालबाग में 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना डोंगरगांव में 4 प्रकरण में 10 आरोपी, ओपी चिखली में 3 प्रकरण 5 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ में 4 प्रकरण 7 आरोपी। इस प्रकार कुल 16 प्रकरण में 39 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा जिलेभर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

## नेकी की दीवार और सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लूएंस कॉलेज में गरीबों की मदद के लिए नेकी की दीवार और सामग्री का वितरण अभियान शुरू किया गया। महाविद्यालय में नेकी की दीवार की स्थापना किया गया। जिसमें जो आपके पास अधिक है, यहां छोड़ जाएं, जो आपकी जरूरत का है यहां से ले जाएं, की भावना से यह नेकी की दीवार प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि इस दीवार के पास लोग अपने घर के अनुपयोगी सामान को रख सकते हैं, जो जरूरतमंद लोगों के लिए काम आएगा। यहां लोग कपड़ा, बर्तन, किताब, कॉपी, खाने-पीने की सामग्री, टेबल, कुर्सी, गर्म कपड़े या जो कुछ भी है, रखा जा सकता है, जो उनके घर में उपयोग में नहीं आ रहा है नेकी की दीवार के पास रखी जाने वाली सामग्री ऐसे लोगों को मुक्त दिया जाएगा, जिन्हें इसकी जरूरत है, खासकर गरीब तबके के लोग जो ऐसी सामग्री को पैसे के अभाव में नहीं खरीद पाते। आज-कल देखा जा रहा है कि लोग अपने घरों के अनुपयोगी सामग्री को जहां-तहां फेंक देते हैं, इसलिए एक नई पहल की शुरूआत की जा रही है। जिससे जरूरतमंदों की जरूरतें भी पूरी हो सकती है।



प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि नेकी की दीवार खुशियों का पिटारा है।

उन्होंने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करने से कोई कमी नहीं आती है, इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा नेकी की दीवार के सामग्रियों को राजनांदगांव शहर के रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टेशन चौक, पोस्ट ऑफिस चौक में जरूरतमंदों को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने वितरित किया है।

इस अभियान में पारीकला के लोगों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस अभियान में विशेष भूमिका महाविद्यालय के विस्तार गतिविधि के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल की रही। जिसमें प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, देविका देवांगन, दिव्या श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं गोदग्राम पारीकला के नागरिकों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

## निषाद समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक कल 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## होलसेल क्लॉथ एंड रेडीमेड एसो. के अध्यक्ष बने अरुण

**राजनांदगांव।** शहर के नेहरू नगर समीप स्थित सिटी सेंटर के होलसेल क्लॉथ एंड रेडीमेड एसोसिएशन का गठन कर लिया गया है। दर्जनों व्यापारियों की मौजूदगी में एसोसिएशन के विभिन्न पदों को लेकर निर्णय सर्वसम्मति से किया गया। एसोसिएशन में अरुण डुलानी को अध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा महेंद्र जैन महासचिव, प्रकाश कोठारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

सिटी सेंटर में की गई बैठक के दौरान सभी व्यापारियों की सर्वसम्मति होने पर अरुण डुलानी को अध्यक्ष पद दिया गया है। महासचिव पद के लिए महेंद्र जैन एवं मनोहर कुमार महेंद्र कुमार को चूना गया है। उपाध्यक्ष के लिए रमेश खत्री एम आर टेक्सटाइल और टिकम पारख अजय टेक्सटाइल, कोषाध्यक्ष का पद प्रकाश कोठारी ओसवाल सिंथेटिक्स को दिया गया है। सचिव पद के लिए प्रतीक कवड़ गिरधारीलाल केवलचंद को नियुक्त किया गया है। सलाहकार के रूप में राजकुमार डुलानी संजय ब्रदर्स, दयाल जी बजाज दिनेश हैंडलूम और अशोक पारख अजय टेक्सटाइल सहित दो दर्जन लागों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।





### व्यापारी हित की करेंगे रक्षा

नई कार्यकारिणी में शामिल अध्यक्ष अरुण डुलानी एवं अन्य सदस्यों ने कहा कि इस संगठन के जरिए अब व्यापारियों से संरक्षण के साथ ही संवर्धन को लेकर भी काम किया जाएगा। नवगठित कार्यकारिणी का उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, आपसी समन्वय को बढ़ावा देना तथा सिटी सेंटर के कपड़ा बाजार को और अधिक संगठित, सशक्त और आधुनिक बनाना है।

## उज्जैन की तर्ज पर जिले व नगर में निकलेगी चंद्रमौलेश्वर महाकाल की 12 पालकी यात्रा

- सावन में भगवान शिव भक्तिमय होगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ आषाढ़ की विदाई हो जाएगी, फिर 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। शिवजी के पावन महीने में सृष्टि का कार्यभार भगवान विष्णुजी शंकरजी को सौंप देते हैं। जिसमें प्रत्येक सोमवार को महाकाल की पालकी यात्रा महाकाल के भक्तों द्वारा निकाले जाने की भव्य तैयारी की जा रही है।

उक्त संबंध में महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, बोदला, पारीकला पालकी यात्रा राजनांदगांव शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करेगी। इस दौरान एक से बढ़कर एक बाजे-गाजे की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुर्ता में नजर आएंगे।



**अलग-अलग स्थानों से निकलेगी पालकी यात्रा**

प्रथम यात्रा 14 जुलाई दिन सोमवार प्रारंभ नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, बांसपाई पारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुडाखू लाइन, गोल बाजार, लक्ष्मी मंदिर हमालपारा में विश्राम, द्वितीया यात्रा 21 जुलाई दिन सोमवार प्रारंभ क्लब चौक बसंतपुर, महामाया चौक, गांधी नगर महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, रेस्ट हाउस मार्ग, प्रभात नगर, लालबाग सिंधु भवन में विश्राम, तृतीय सोमवार यात्रा प्रारंभ 28 जुलाई ढाबा, शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर विश्राम, चतुर्थ सोमवार यात्रा 4 अगस्त शाही पालकी यात्रा सिद्धपीठ मां शीतला माता मंदिर, फौव्वारा चौक जमातपारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेशपथ, लोहारपारा, मां काली शक्ति पीठ बस स्टैंड, भरकापारा विश्राम, 11 अगस्त पंचम सोमवार यात्रा प्रारंभ मोहड, सिंगदई, हल्दी सिंगोला मां भानेश्वरी मंदिर में मठपारा विश्राम, 31 जुलाई गुरुवार मोतीपुर, ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी, संगम चौक तुलसीपुर विश्राम करेंगे। गौरीनगर से भी भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 06 जुलाई 2025







माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
एवं
माननीय विधानसभा अध्यक्ष
डॉ.रमन सिंह जी
के करकमलों से
तथा
मान. उप मुख्यमंत्री
श्री विजय शर्मा जी
एवं मान. राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय जी
की गरिमामयी उपस्थिति में
पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु
5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ
पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण हेतु
विभिन्न विकास कार्यों की सौगात
विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों का
महतारी अलंकरण सम्मान समारोह
भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा
06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह : 11:00 बजे
पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर, पंडरिया
कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
फलित साहू
मंडल अध्यक्ष, दुल्लापुर मंडल
गौरव परिमल
राजेन्द्र साहू
विनीत : आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोदवागोड़ान




शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास कोदवागोड़ान
की ओर से स्वागत अभिनंदन...
पण्डरिया की पावन धरा में पधारे
मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी
मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी,
तथा मान. उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं
राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी के आगमन पर
शत् शत् अभिनंदन...
सावित्री धुर्वे (अधीक्षिका)
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा
विनीत :- समस्त स्टॉफ प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास कोदवागोड़ान




आदिवासी कन्या आश्रम कोदवागोड़ान की ओर से स्वागत अभिनंदन
पण्डरिया की पावन धरा में पधारे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मा.श्री विष्णु देव साय जी
मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी,
तथा मान. उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं
राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी के आगमन पर
शत् शत् अभिनंदन...
श्रीमती सुनिता सोनवानी
अधीक्षिका
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
विनीत :समस्त स्टॉफ आदिवासी कन्या आश्रम कोदवागोड़ान




पण्डरिया की पावन धरा में पधारे प्रदेश के लोकप्रिय
मुख्यमंत्री मा.श्री विष्णु देव साय जी
मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी,
तथा मान. उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं
राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी के आगमन पर
शत् शत् अभिनंदन...
पी एस टेकाम
संकुल प्रभारी
दिलीप सोनवानी
संकुल समन्वयक
विनीत: संकुल केन्द्र कोदवागोड़ान वि.खं. पण्डरिया




मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी
मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन जी
के करकमलों से तथा
मा. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी एवं
मा. सांसद संतोष पाण्डेय जी
की गरिमामय उपस्थिति में
पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु
5 निःशुल्क बसों के शुभारंभ
पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण हेतु
विभिन्न विकास कार्यों की सौगात
विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों का सम्मान
महतारी अलंकरण सम्मान समारोह
कार्यक्रम- 6 जुलाई 2025, सुबह- 11.00 बजे
स्थान- पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर, पंडरिया
कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
प्रदीप पुरी गोस्वामी
मण्डल अध्यक्ष पाण्डातराई मोहगांव मण्डल
महेन्द्र चन्द्रवंशी
उपाध्यक्ष, भाजपा मण्डल पाण्डातराई-मोहगांव




माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
एवं
माननीय विधानसभा अध्यक्ष
डॉ.रमन सिंह जी
के करकमलों से
तथा
मान. उप मुख्यमंत्री
श्री विजय शर्मा जी
एवं मान. राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय जी
की गरिमामयी उपस्थिति में
पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु
5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ
पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण हेतु
विभिन्न विकास कार्यों की सौगात
विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों का
महतारी अलंकरण सम्मान समारोह
भावना बोहरा
विधायक, पंडरिया विधानसभा
06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह : 11:00 बजे
पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर, पंडरिया
कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
विनीत : भारतीय जनता पार्टी मण्डल दुल्लापुर (बाजार)

## खबर संक्षेप

### चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। अंतिम तिथि 29 जुलाई है। परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। यह परीक्षा कबीरधाम जिले के सरकारी, निजी प्राथमिक स्कूलों में पढ़ रहे कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू है।

# क्षेत्र के मुक्तिधाम शेड निर्माण कार्य आधा-अधूरा, खुले में अंतिम संस्कार करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में भारी लापरवाही और जिम्मेदारों की निष्क्रियता लोगों को सोचने पर मजबूर कर रही है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि दो वर्षो से मुक्तिधाम शेड निर्माण कार्य आधा-अधूरे निर्माण होने के कारण आज भी अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया खुले आसमान के नीचे, बारिश में करनी पड़ रही है।

यह बताना लाजिमी होगा कि बीते दिन ग्राम के पूर्व सरपंच मंगलू धुर्वे के निधन के बाद परिजनों को बारिश के बीच ही अंतिम संस्कार करने मजबूर होना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023 में बीजाझोरी स्थित मुक्तिधाम में शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी। शुरुआत में कुछ खंभे कॉलम निर्माण कार्य आधा अधूरा किया गया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य को अधर में छोड़ दिया गया। जिसकी शिकवा-शिकायत ग्रामीणों कई बार शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो से अर्जी-विनती के बाद भी स्थिति वैसे की वैसे ही है।



### निर्माण कार्य में घोर लापरवाही, कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम निर्माण कार्य की शुरुआत पूर्व सरपंच के कार्यकाल में हुई थी, लेकिन निर्माण कार्य आज पर्यन्त तक आधा अधूरा पड़ा है। जिस पर ग्रामीण चनाराम यादव, नरसिंह धुर्वे, भोजकुमार यादव, जगमोहन, महेंद्र चंद्रवंशी और हेमंत साहू सहित ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घोर लापरवाही करने वालो पर कार्यवाही की मांग की गई। वहीं ग्रामीणों में सवाल उठ रही है कि जब अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत सुविधा भी ग्रामीणों को नहीं मिल रही है, तो अन्य विकास कार्यों की क्या स्थिति होगी? वर्षाकाल में आधा-अधूरा मुक्तिधाम शेड पंचायत और प्रशासन की लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। मुक्तिधाम में शेड न होने के कारण परिजन और ग्रामीण खुले मैदान में बारिश के बीच मजबूर होकर लगातार हल्की बारिश के कारण चिता बार-बार बुझती रहीं, जिससे शव का अंतिम संस्कार पूरी तरह नहीं हो सका।

## सौगात: लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ 5 नि:शुल्क बसों का शुभारंभ करेंगें

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क्षेत्र के 61 कार्यों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाते हुए 72 करोड़ 70 लाख 32 हजार रूपए की लागत से 61 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सहभागिता और नारी शक्तियों के सम्मान समारोह के तहत टॉपर छात्राओं, खेल पदक प्राप्त खिलाड़ी, महिला स्व सहायता समूह, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों और बैगा परिवार के सदस्यों को महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद संतोष पांडेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि पंडरिया में आयोजित कार्यक्रम सहित लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम पौनी और भुवालपुर में 4 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से 33.11 केव्ही उपकेन्द्र, 5 करोड़ 11 लाख 91 हजार रूपए की लागत से पुटपुटा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर के आरडी 0 से आरडी 5850 मीटर तक रिमाडलिंग एवं सीमेंट कांकीट लायनिंग कार्य 18 नग फाल, 02 नग व्हीआरबी एवं गाइडवाल का निर्माण तथा वियर मरम्मत व गाद निकासी का कार्य, 5 करोड़ 39 लाख 90 हजार रूपए की लागत से अपर आगर व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य एवं नहरों का कार्य संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य 02 नग व्हीआरबी, नहर का सीसी लायनिंग कार्य, कोलाबा फिक्सिंग का कार्य, 2 करोड़ 99 लाख 55 हजार रूपए की लागत से ग्राम मथानी खुर्द में हाफ नदी पर रिटनिंग वाल का निर्माण कार्य, 11 करोड़ 07 लाख 16 हजार रूपए की लागत से जल्दानाला जलाशय योजना का नहर कार्य, 21 करोड़ 84 लाख 35 हजार रूपए की लागत से कोयलारी व्यपवर्तन योजना का नहर कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। वहीं ग्राम कुसुमघटा से बोईरकछरा मार्ग के फोंक नदी पर 3 करोड़ 90 लाख 27 हजार रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, ग्राम बोदा से जोंकपानी मार्ग पर टमरू नदी पर 6 करोड़ 6 लाख 34 हजार रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, ग्राम कांपा से खैरझिटी मार्ग में हॉफ नदी पर 6 करोड़ 8 लाख 51 हजार रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय 85 लाख 45 हजार रूपए की लागत से सार्वजनिक कूप निर्माण कार्य बांसाटोला कांदावानी मोहल्ला, डफरापानी-कांदावानी मोहल्ला, सगौनाडीह, खैरझिटी नया, कोड़ापुरी, सोनपुरी, मोहतराखुर्द, खैरझिटी, दलपुरवा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, 34 लाख 59 हजार रूपए की लागत से ग्राम चचेड़ी में माध्यमिक शाला भवन और ग्राम पेन्ड्रा में 02 सीसी रोड़ निर्माण कार्य, 1 करोड़ 74 लाख 41 हजार रूपए की लागत से ग्राम जरहाटोला में पुल-पुलिया निर्माण कार्य, चिलमखोदरा में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य, कुम्हार-दनिया में 02 सीसी रोड निर्माण कार्य, गौरमाटी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, दरिगंवा में पक्की नाली निर्माण कार्य, दारगांव में पुलिया निर्माण कार्य, भैंसबोड़ में नवीन प्राथमिक शाला भवन, बबई में नवीन पंचायत भवन निर्माण, रणवीरपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, राजपुर में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लॉट, सिंघौरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

साथ ही साथ मुख्यमंत्री द्वारा 01 करोड़ 23 लाख 74 हजार रूपए की लागत से ग्राम दामापुर, पाण्डातराई, किशुनगढ़ अतिरिक्त कक्ष, सैहामालगी-चारभांठा खुर्द में माध्यमिक शाला भवन, भुरमुसपानी, सिंगपुर में प्राथमिक शाला भवन निर्माण स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरिया पुस्तकालय कक्ष निर्माण, जंगलपुर के शासकीय प्राथमिक शाला बालवाटिका के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

01 करोड़ 10 लाख 70 हजार रूपए की लागत से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय दुल्लापुर में 06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, महली, कापादाह, कुम्ही, शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, रमतला माध्यमिक शाला में अतिरक्त कक्ष निर्माण, सिसोदिया नगर पण्डरिया, सगौनाडीह, उदका, तेलियापानी लेदरा में प्राथमिक शाला अतिरक्त कक्ष निर्माण, डबरी, बघर्रा में माध्यमिक शाला में अतिरक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। 38 लाख 38 हजार 400 रूपए की लागत से गौरमाटी, रणवीरपुर में शासकीय हाई स्कूल के अतिरिक्त कक्ष निर्माण, वीरेन्द्र नगर, जमुनिया में माध्यमिक शाला में अतिरक्त कक्ष निर्माण, कुंआ और ग्राम टाटीकसा में प्राथमिक शाला अतिरक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। 3 लाख 5 हजार रूपए की लागत से ग्राम कोयलारी के शासकीय हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

### सीएम उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 नारी शक्तियों को करेंगे सम्मानित



पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु 5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ करेंगें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पंडरिया में आयोजित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में सहभागिता और नारी शक्तियों के सम्मान समारोह में पंडरिया विधानसभा के 26 उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों को महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित करेंगे। इसके तहत राष्ट्रपति के आमत्रंण पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में बैगा परिवारों की ऐतिहासिक उपस्थिति देने वाली श्रीमती जगतीन बाई बैगा, श्रीमती तितरी बाई और श्रीमती बली बाई को महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित करेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा के हॉयर सेकेण्डरी में टॉप पांच में जगह बनाने वाली सुमन महोबिया, लक्ष्मी, युकांक्षी डड़सेना, रीना साहू, प्रियंका और हाई स्कूल की प्रिसी चंद्राकर, मौली चंद्राकर, यशोमति साहू, आस्था धीरी, भौमी निषाद को महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही खेल पदक प्राप्त खिलाड़ी नीतू, मान्या, पूजा, हर्षिता, निःशुल्क ट्रेनिग प्रदान करने वाली रीना शार्मा को सम्मानित करेंगे। महिला स्वसहायता समूह के अंतर्गत जय मां भवानी महिला स्व सहायता समूह बसनी, जय मां संतोषी महिला स्व सहायता समूह जमुनिया, महालक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह मैनपुरा, सोनाक्षी महिला स्व सहायता समूह रेहूंटाखुर्द, नूहा निषाद महिला स्व सहायता समूह दशरंगपुर, महतारी वंदन योजना की राशि से सुकन्या खाता खुलवाने वाली कीर्ति, राजकुमारी, अंजनी पटेल को महतारी अलंकरण सम्मान से सम्मानित करेंगे।



# बारिश होते ही टपकने लगती है आंगनबाड़ी केन्द्र 01 भवन की छत

- ग्रामीणों ने भवन की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में एक बार फिर से जलभराव की बड़ी समस्या खड़ी हो गई।

जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र में अध्ययनरत नन्हे मुन्हे बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ग्राम पंचायत कोलेगांव में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 भवन काफी जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है कि भवन से बारिश होने पर बारिश का पानी लेंटर छत से रिसकर कमरे के अंदर टपकता है। जिसके कारण कक्ष के अंदर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यहां नन्हे मुन्हे बच्चों व स्टॉफ को बैठना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की सुधार तथा मरम्मत तथा नवनिर्मित भवन की मांग कि गई, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में जल भराव की स्थिति समस्या खड़ी होने लगी है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन 01 की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

## पिछले 7 माह से किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं कर पा रहाः रवि

**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पालिका पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना पंडरिया में गन्ना बेचे हुए किसानों को अपने गन्ने की भुगतान राशि का इंतजार पिछले सात महीनों से कर रहे है, जिसमें मूल भुगतान लगभग 20 करोड़ व बोनस व लाभांश राशि लगभग



30 करोड़ रुपए कुल मिलाकर 50 करोड़ से अधिक का भुगतान किसानों को मिलना बाकी है। जिस पर किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों को अपने ही गन्ने के पैसे के लिए कई महीनों से भटकना पड़ रहा है। पिछले महीने किसान कांग्रेस ने कारखाना का घेराव किया था, तब जाकर कुछ किसानों को भुगतान किया गया था लेकिन अभी भी पूर्ण भुगतान होना बाकी है। रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि रविवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का आगमन पंडरिया हो रहा है, जहां किसान अपनी भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर तत्काल भुगतान की मांग करेंगे। यदि प्रशासन किसानों को रोकने का काम करेगी तो किसानो के साथ किसान कांग्रेस मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध कर काला झंडा दिखाएगा।

## जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया की राष्ट्रीय कार्यशाला सबके लिए स्वास्थ्य पर छत्तीसगढ़ की सशक्त भागीदारी

**हरिभूमि कवर्धा।** जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया ने 1 से 3 जुलाई तक भोपाल में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में देश भर के 10 राज्यों से 40 से अधिक प्रतिनिधियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में दशकों से कार्यरत बुद्धिजीवियों, जमीनी कार्यकर्ताओं, नेटवर्क और नागरिक सामाजिक संगठनों के साथियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं समता-मूलक जनस्वास्थ्य तथा देखभाल सेवाओं की मजबूती और सार्वभौमीकरण से जुड़ी सैद्धांतिक अवधारणाओं और जमीनी प्रयासों पर गहन चर्चा करना था। राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक चंद्रकांत यादव के नेतृत्व में एक सशक्त और सक्रिय दल ने हिस्सा लिया। इस दल में कबीरधाम से ज्योति साहू, जांजगीर-चांपा से चंद्रकुमारी लहरे, अंबागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर से सुखदास मंडावी, रायपुर से चुन्नी, सोमा और कोरिया जिले से सुश्री मंती सिंह जैसे समर्पित स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इन साथियों ने छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने मूल्यवान अनुभव और विचार साझा किए, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर चल रही चर्चाओं को एक नई दिशा मिली।



स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

**खुलासा:** अंधे कत्ल की फाइल पर जमी धूल हटी, निकला सनसनीखेज सच

# 8 साल पुराने डॉक्टर दंपति हत्या कांड का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में विगत 06 अप्रैल 2017 को हुई प्रतिष्ठित चिकित्सक दम्पत्ति डॉ. गणेश सूर्यवंशी एवं उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी की हत्या का मामला कवर्धा पुलिस ने घटना के करीब आठ साल बाद सुलझाने में सफलता हांसिल की है। इस बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। एक प्रेसवार्ता आयोजित कर इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन में कबीरधाम जिले में वर्षों से लंबित व अंधे हत्याकांडों की गहन समीक्षा जारी थी। इसी दिशा में कवर्धा पुलिस ने डॉक्टर दंपति की रहस्यमयी हत्या को सर्वोच्च प्राथमिकता में लिया गया। मामले की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के समन्वय में तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक एवं एसडीओपी कवर्धा कृष्णा कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने वर्ष 2017 के इस बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड की परत-दर-परत जांच करते हुए अंततः उस रहस्य से पर्दा उठा दिया, जो वर्षों से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 06 अप्रैल 2017 को शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. गणेश सूर्यवंशी एवं उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी का शव उनके निवास के आंगन में रक्तरंजित अवस्था में मिला था। प्रारंभिक जांच में यह दोहरा हत्याकांड प्रतीत हुआ, किंतु किसी ठोस सुराग के अभाव में मामला अंधकार में चला गया। पुनः विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी सत्यप्रकाश साहू, पूर्व में डॉक्टर दंपति का ड्राइवर रह चुका था और उसने डॉक्टर को लगभग 1.80 लाख रुपए उधार दिए थे। जिसके कुछ दिन पूर्व ही थाना कवर्धा में एक व्यक्ति द्वारा उसके विरुद्ध ब्लैकमेलिंग की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिससे वह पुलिस पूछताछ के डर से गंडई भाग गया था। पैसों की तंगी से जूझता आरोपी गंडई से कवर्धा लौटा और डॉक्टर से उधार की राशि मांगने गया। इसी दौरान वह डॉक्टर दम्पत्ति के घरेलू झगड़े का साक्षी बन गया, जो कि पूर्व में भी कई बार पड़ोसियों द्वारा देखी-सुनी गई थी। बयान के अनुसार, विवाद इतना बढ़ा कि डॉक्टर ने दरवाजा रोकने वाले भारी पत्थर से अपनी पत्नी के सिर पर वार कर दिया। पत्नी ने जवाबी हमले में छोटे पत्थर से डॉक्टर पर प्रहार किया। घायल पत्नी जब जमीन पर गिरी, तो डॉक्टर ने फिर से वार कर उसकी हत्या कर दी। यह सब देखकर सत्यप्रकाश घबरा गया। उसे डर हुआ कि डॉक्टर उसे भी मार सकता है। इसी भयवश से उसने डॉक्टर को धक्का देकर गिराया और फिर पत्थर से वार कर उसकी भी हत्या कर दी। हत्या के पश्चात आरोपी ने कमरे में फैले खून के धब्बे साफ किए, शवों को आंगन तक खींचकर रखा और रातभर प्रतीक्षा करता रहा। सुबह लगभग 5 बजे वह जेवड़न रोड की ओर से निकलकर बस से दुर्ग चला गया। जाते समय डॉक्टर का एक मोबाइल अपने साथ ले गया, जिसे गंडई में 1900 रुपए में गिरवी रखा। 05 अप्रैल को वह पुनः कवर्धा लौटा और डॉक्टर के घर के बाहर जाकर देखा कि अभी भी घटना के बारे में किसी को पता नहीं चला है। 06 अप्रैल को जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली, तब भी आरोपी मौके पर पहुंचा था और भीड़ में शामिल होकर परिस्थिति का जायजा ले रहा था। आरोपी के इस खुलासे के बाद पुलिस ने उसे अपराध क्रमांक 80/2017 धारा 302 भादवि के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## मैपिंग लाइफ डिटेक्ट से खुलासा अपराध का खुलासा



कबीरधाम पुलिस ने इस बेहद जटिल प्रकरण को सुलझाने के लिए पुनः वैज्ञानिक आधारों पर साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया इसके अलावा आरोपी का मैपिंग लाइफ डिटेक्ट कराया गया जिसमें आरोप का खुलासा हुआ। आरोपी ने स्वीकार किया जिसके आधार पर संदेश के रूप में सत्यप्रकाश का नाम सामने आया जिसके आधार पर 14 घंटे की गहन मनोवैज्ञानिक पूछताछ की गई। अंततः आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। यह प्रकरण जिले का सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण दोहरा हत्याकांड था, जिसे कबीरधाम पुलिस ने तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक विवेचना एवं मानसिक धैर्य से सुलझाया। यहां बताना लाजिमी होगा इस मामले के बाद जिले में 9 एसपी आए और चले गए लेकिन किसने इस पर गंभरता नहीं दिखाई थी।

## 40 हजार रूपए के पुस्कार की घोषणा

मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण सुराग देने अथवा आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग हेतु पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य द्वारा 30 हजार रुपए एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा 10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। इस मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक संतोष ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मरावी, चंद्रकांत तिवारी प्रधान आरक्षक वैभव कल्चुरी, चुम्मन साहू, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी, अमित सिंह, गज्जू सिंह, धर्मेन्द्र मरावी के साथ साथ थाना कोतवाली और सायबर के टीम का विशेष योगदान रहा।

# निर्माण के महिनेभर में ही दम तोड़ने लगी पोंड़ी-पाण्डातराई सड़क

- नगरवासियों ने की सड़क निर्माण की जांच व कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



एक तो कबीरधाम जिले में न तो खस्ताहाल सड़कों का निर्माण हो पा रहा है और न ही लगातार की मांग के बावजूद इन सड़कों की मरम्मत ही की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ जिन सड़कों का निर्माण हाल के दिनो में किया गया है वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते दिखाई दे रही है। इसकी एक बानगी करीब महिने भर पूर्व निर्मित करोड़ों की लागत से निर्मित पोंड़ी-पाण्डातराई सड़क निर्माण में साफ देखी जा सकती है। गौरतलब है कि शासन द्वारा करोड़ों रूपए की लागत से स्वीकृत पोंड़ी-पाण्डातराई मार्ग का निर्माण अभी महिने भर पूर्व ही किया गया है। लेकिन नगर पंचायत पाण्डातराई के बासिंदों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता तथा घटिया निर्माण के चलते इस सड़क का एक बड़ा हिस्सा नगर के भारत माता चौक के पास धंसने लगा है। जिससे चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले इस मार्ग में वाहन के दुर्घटना का शिकार होने की आशंका निर्मित हो गई है। नगरवासियों ने बताया कि जिस तरह से यह डामरीकृत सड़क निर्माण के महज महिने भर में ही दम तोड़ते दिखाई दे रही है उससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता तथा भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होने शासन-प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की बैठक सम्पन्न

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में जिला संघ कबीरधाम की बैठक शुक्रवार को विश्राम भवन, कवर्धा में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी ने की, जबकि जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, उपाध्यक्ष मधु तिवारी, उपाध्यक्ष अमीषा चंद्रवंशी, पदेन जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, जिला आयुक्त गाइड सुमन धुर्वे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता ने किया। जिला संघ की इस बैठक में स्थानीय संघ के गठन, 07 जुलाई को प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारी, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइड्स का सम्मान समारोह, तृतीय सोपान एवं राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा के पूर्वाभ्यास शिविर, जिला वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन, जिला स्तरीय विभिन्न समितियों का गठन, स्थायी सदस्यों के संबंध में चर्चा और आय-व्यय सहित अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी ने आगामी सत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज पंडरिया प्रवास पर

- विकास कार्यों का लोकार्पण व बस सेवा का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 6 जुलाई, रविवार को कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11:55 बजे मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12:00 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर पहुंचेंगे, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 12:40 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना हेलीपेड, पंडरिया में आगमन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय दोपहर 12:45 बजे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर पंडरिया पहुंचेंगे। यहां दोपहर 12:45 से 1:45 बजे तक महतारी अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में निर्मित एवं स्वीकृत विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन और महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों के संचालन का शुभारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं की उच्च शिक्षा तक सरल पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके पश्चात दोपहर 1:45 से 2:25 बजे तक समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री दोपहर 2:25 बजे स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 2:30 बजे पुनः पंडरिया हेलीपेड पहुंचकर रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 3:10 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर तथा 3:15 बजे मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन रायपुर पहुंचेंगे।

# कान पकड़वाने वाले कलेक्टर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग, टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर कान पकड़वाने वाले अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग किया है। विधायक कार्यालय में निज सहायक जागेश्वर साहू ने ज्ञापन स्वीकार किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत तीन जुलाई को जिले के कलेक्टर ने जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कुछ समय विलंब से कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों-अधिकारियों को कान पकड़वाया, जो सिविल सेवा आचरण नियम के विरुद्ध है। कर्मचारियों-अधिकारियों के मानवाधिकार का हनन भी है। कलेक्टर के भयवश कान पकड़ने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों का उनके परिवार व समाज में सम्मान को ठेस पहुंचा है। यह घटना जिले में कार्यरत दस हजार कर्मचारियों-अधिकारियों सहित प्रदेश के पांच लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के मनोबल को गिराने वाली घटना है। यदि कोई कर्मचारी-अधिकारी विलंब से कार्यालय पहुंचता है तो उसके लिए सिविल सेवा आचरण नियम के तहत कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है। जिले में घटित कान पकड़वाने के अव्यवहारिक घटना पर कान पकड़वाने वाले अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही किया जाए, ताकि ऐसे अपमानजनक घटना की पुनरावृत्ति जिले सहित प्रदेश में न हो सके। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, वकील बेग, गोकुल, उमेश चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, श्रीराम साहू, ओमप्रकाश तिवारी, दिनेश नामदेव, नरेंद्र चंद्रोल, ईश्वरी पटेल, मधवेश केशरी आदि उपस्थित थे।

### आवश्यकता पड़ने पर रात तक काम करते हैं कर्मचारी

टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी कई दिन कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित समय के बाद रात सात-आठ बजे तक भी काम करते हैं। कई बार शनिवार व रविवार को अवकाश के दिन भी कार्यालय आकर काम निपटाते हैं। फिर विचारणीय बात है कि तीन जुलाई को लगातार हो रहे बारिश के बीच पंद्रह-बीस मिनट विलंब से पहुंचने पर कर्मचारियों-अधिकारियों को भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने की समझाइश देकर भी छोड़ा जा सकता था। आखिर ऐसे अनुचित दण्ड क्यों?

### कर्मचारियों से समय पर कार्यालय पहुंचने की अपील

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने जिले के समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों से निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन इमानदारीपूर्वक करने का आव्हान किया है।

### घूस मांगने वाले को करें एसीबी के हवाले

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ा प्रहार करते हुए स्पष्ट कहा है कि यदि जिले का कोई कर्मचारी-अधिकारी किसी काम के बदले अनुचित रूप से रुपये अर्थात घूस की मांग करते हैं, तो इसकी सूचना एसीबी को जरूर दें, ताकि अवैध उगाही पर लगाम लग सके।

### जिले के शिक्षक रहें सतर्क

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिले के शिक्षकों को सतर्क रहने का आव्हान करते हुए कहा है कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को विद्यालय में प्रवेश न करने दें। इससे विद्यार्थियों के सुरक्षा को खतरा हो सकता है। यदि कोई अधिकारी सिविल सेवा आचरण नियम के विरुद्ध व्यवहार करें या निर्देश दे, तो इसका लिखित शिकायत जरूर करें।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया भव्य वृक्षारोपण



**कवर्धा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर कबीरधाम जिले ने सहकारिता की शक्ति का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। जिले की समस्त 90 सेवा सहकारी समितियों, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी कारखाना के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक समिति में पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्षों को प्राथमिकता दी गई। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम को न केवल पर्यावरणीय संरक्षण का माध्यम माना गया, बल्कि इसे मातृ वंदन और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में भी विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों,किसानों, श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वृक्षारोपण के साथ-साथ सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था न केवल हरियाली बढ़ाना, बल्कि सहकारिता की भावना के तहत सामूहिक विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाना। जीएस शर्मा, उपायुक्त सहकारिता जिला कबीरधाम ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि वर्षभर चलने वाली गतिविधियों की एक कड़ी है, जिसके तहत सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और सहकारिता सशक्तिकरण को एक सूत्र में पिरोया जाएगा।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदयात्रा के संबंध में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव**

# सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्था के संबंध में भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसके साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझाव को भी अमल में लाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में ज्वाइंट हेण्ड, लांयस क्लब, जिला प्रेस क्लब, विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा निःशुल्क भोजन व्यवस्था, फल वितरण, चाय-बिस्कुट आदि वितरित करने की जानकारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इनमें मुख्य रूप से जगह-जगह पर भोरमदेव मंदिर जाने का रास्ता एवं दूरी दर्शाने के लिए साईन बोर्ड लगाने, भोरमदेव पदयात्रा का प्रचार-प्रचार गांव स्तर पर करने तथा वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया गया। बैठक में आयोजन को भव्य बनाने के लिए यात्रा को विशेष थीम पर अधारित करने का सुझाव दिया गया ताकि नागरिकों को अच्छा संदेश पहुंचे।

# प्राथमिक शाला मानिकचौरी में शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शासकीय प्राथमिक शाला मानिकचौरी में गत दिनो शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर विद्यालय में दाखिल कराया गया। इस अवसर पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं निः शुल्क पाठ्यपुस्तक, निःशुल्क गणवेश, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति आदि की जानकारी नवप्रवेशी बच्चों को दी गई तथा तथा उन्हे पाठ्यपुस्तक तथा गणवेश वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मानसिंह साहू, शिक्षाविद सुरेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी फेरुराम साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां सरस्वती के पूजन पश्चात इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का गुलाल लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशलाल साहू ने कहा कि बच्चे जब स्कूल में पहली बार दाखिल होते हैं तभी से भविष्य की नींव रख दी जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक श्रीमती जयश्री शर्मा, शिक्षक जगपाल चंद्रौल, रवि किशोर सिन्हा, श्रीमती छबी वासुदेव, पनमेश कुमार यादव सहित विद्यालय के अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।










संकलनकर्ता- पुष्कर लहंगीर हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार के लिए संपर्क करे पाण्डातराई मों 9947775677










संकलनकर्ता- दिनेश पाण्डेय हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार के लिए संपर्क करें कोलेगांव 7887848805